हिन्दुस्तान

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

गुरुवार

9 अप्रैल 2026, वैशाख कृष्ण पक्ष, सप्तमी, विक्रम सम्वत् 2083, बरेली

11वें मैच में एसआरएमएस किंग्स बना विजेता

बरेली, वरिष्ठ संवाददाता। श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइजमनी क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सिक्स के 10वां और 11वां मैच फिर बारिश से बाधित हुआ। आईनेक्स्ट जनरेशन और तेजस्वी स्पोर्ट्स मेरठ के बीच खेला गया 10वां मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ा। जिससे दोनों टीमों को एक-एक अंक दिया गया। 11वें मुकाबले में एसआरएमएस किंग्स ने मनीष शर्मा स्पोर्ट्स फेडरेशन (एमएसएसएफ) दिल्ली को तीन विकेट से पराजित किया। इसमें शानदार अर्धशतक बनाने वाले एसआरएमएस किंग्स के बल्लेबाज पंकज को मैन आफ द मैच घोषित किया गया। एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

एमजेपीआरयू के बीएचएमसीटी के छात्रों ने होटल रेडिसन का किया भ्रमण ।

श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी स्थित एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में बुधवार शाम श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सिक्स का 10वां मैच दूधिया रोशनी में आईनेक्स्ट जनरेशन और तेजस्वी स्पोर्ट्स मेरठ के बीच खेला गया। आईनेक्स्ट जनरेशन के खिलाड़ियों ने तेजी से खेलना शुरू किया। लेकिन 13वें ओवर में बारिश ने खेल में बाधा डाली और मैच रोकना पड़ा। इस समय आईके जनरेशन ने 4 विकेट खोकर 138 रन बना लिए थे।

तेज आंधी के साथ बारिश ने मैच में खलल डाला और काफी देर तक मैच शुरू न हो पाने से अंपायरों ने दोनों टीमों के बीच एक-एक अंक बांट दिया। आयोजन समिति के सचिव डा.नितिन सक्सेना ने बताया कि बुधवार को क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली सात टीमों की तस्वीर साफ हो गई है। नौ अप्रैल को पहला क्वार्टर फाइनल आईकि कलेक्शन बरेली और बजाज टेक्सटाइल अमरोहा के बीच होगा।